प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0

(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स0 : ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2023/ 73 दिनांकः 22मई, 2023

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेष,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2022–23 के सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षायें आयोजित कराये जाने तथा आतंरिक अंकों को ई0आर0पी0 अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सम्बन्ध में सूचित करना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2022–23 के सम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक के तालिका में अंकित पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं की **प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षायें** विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर से प्राप्त अनुमोदनोपरान्त **दिनांक 27 मई, 2023 से दिनांक 02 जून, 2023** तक निर्धारित कार्यक्रम के आयोजित कराई जायेगी।

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	सेमेस्टर	परीक्षा कार्यक्रम / तिथि
1	B.Tech	6th & 8th	दिनांक 27 मई, 2023 से 02 जून, 2023 तक (प्रथम चरण की परीक्षाओं हेतु)
2	B.Pharm	5th, 6th, 7th & 8th	
3	B.Arch, MBA (INT), MCA-DD, MCA (INT.) & MAM	4th, 6th ,8th & 10th	
4	BHMCT, BFA , BFAD, M.Tech (INT)	4th, 6th & 8th	
5	B.VOC.	4th & 6th	
6	MBA (All), MCA, M.Arch, M.Tech & M.Pharm & MURP	4th	

उपरोक्तानुसार प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु परीक्षकों की डयूटी की सूची संस्थान के ई0आर0पी0 लॉगिन में तथा सम्बन्धित शिक्षकों के लॉगिन में भी अपलोड कराई दी जायेगी।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में अनुरोध है कि सम्बन्धित परीक्षकों (शिक्षकों) से सम्पर्क कर छात्रहित में प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षा विश्वविद्यालय के नियमों तथा संबधित गाइड लाइन के अनुसार व्यवस्था कराने का कष्ट करें तथा प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षा के प्राप्तांको को ई0आर0पी0 पोर्टल पर निर्धारित समय तक अपलोड कराना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ परीक्षा संबधित समस्त प्राप्तांकों एवं दस्तावेजो / प्रपत्रों को विधिवत सुरक्षित रखे, ताकि विश्वविद्यालय में समय–समय पर आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया जा सकें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित कराना है कि उल्लेखित पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों के **आतंरिक अंकों (Theory Sessional/Practical Sessional)** को ई0आर0पी0 पोर्टल पर अपलोड / प्रेषित किये जाने हेतु **दिनांक 27 मई, 2023 से दिनांक 12 जून, 2023 तक** ई0आर0पी0 पोर्टल खोल दिया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए अपने संस्थान के अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

22/5/2023

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

COELETTER 925